हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 सितंबर 2026

06 कुंभराज के कवि इंदौर में आयोजित हाथरसी...



07 जिला जेल में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर कथा...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

जिले में अब तक 913.0 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 01 जून से अब तक 913.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 86.7 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1620.9 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 06 सितम्बर 2026 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 742.6 मिलीमीटर, बमोरी में 607.2, आरोन में 727.0, राघौगढ़ में 825.0, चांचौड़ा में 971.0, कुम्भराज में 1123.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1398.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 26.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 27.0 मिमी., बमोरी में 37.0 मिमी., आरोन में 16.0 मिमी., राघौगढ़ में 24.0 मिमी., चांचौड़ा में 34.0 मिमी., कुंभराज में 20.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 30.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

जिले में ई-विकास 2.0 के माध्यम से किया जा रहा है खाद वितरण

गुना। जिले में पुनः ई-विकास प्रणाली 2.0 अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से खरीफ सीजन / रबी सीजन हेतु अग्रिम खाद का वितरण शुरु हो चुका है। जिसके अंतर्गत ई-टोकन द्वारा कृषको को ICAR की फसलवार अनुसंशा अनुसार अथवा उससे अधिक मनचाहा उर्वरक प्रथमवार में ही प्राप्त हो सकता हैं। जिले में पर्याप्त उर्वरकों का भण्डारण हैं। वर्तमान स्थिति में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में 5076 मेट्रिक टन यूरिया, 867 मेट्रिक टन टीएसपी, 5651 मेट्रिक टन एनपीके एवं 2593 मे.टन एसएसपी खाद वितरण हेतु उपलब्ध है। खरीफ सीजन 2026 अंतर्गत 47,237 मेट्रिक टन यूरिया, 3570 मेट्रिक टन टीएसपी / डीएपी, 8074 मेट्रिक टन एनपीके एवं 3259 मे.टन एसएसपी खाद का वितरण कृषको को ई-टोकन प्रणाली एवं हाईब्रिड मोड पर किया जा चुका हैं। जिले की नेगमा, तरावटा, झागर, मावन, ढोलवाज, म्याना, खोंकर, धमनार, बमौरी, गढला, विशनवाड़ा, चीमरामपुर, परवाह, मगरोडा, हमीरपुर पाठी, पेंची, लहरचा, रानीखेजरा, रमडी, देदला, बटावदा, तेलीगांव समिति तथा डबल लॉक केन्द्र, विपणन सहकारी संस्था, एम.पी.एग्रो एवं निजी संस्था के माध्यम से डी.ए.पी. वितरण का कार्य किया जायेगा। दिनांक 07 सितम्बर 2026 सोमवार से ई-टोकन बुक करने हेतु स्टॉक उपलब्ध रहेगा।
कृषक स्वयं/सी.एस.सी.सेंटर/कम्प्यूटर सेंटर/उर्वरक वितरण केन्द्र के माध्यम से अपनी वास्तविक बोई गई फसल का चयन कर ई-टोकन बुक कर खाद क्रय कर सकता है।

शासकीय महाविद्यालय में किया गया सामाजिक नेतृत्व कक्षा का शुभारंभ



राघौगढ़। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के के माध्यम से MSW एवम BSW सत्र 2026-2 7की क्लास का शुभारंभ शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मैडम आदरणीय मंजूषा सोलोमन की अध्यक्षता एव वित्तपोषित नवांकुर मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट जी के आतिथ्य में में किया गया।IMSW एवम BSW का के नवीन प्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया।जिला समन्वयक मैडम ने छात्रों को नियमित क्लास में आने एवं अनुशासन रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया तय भील एवं cmcldp छात्र उपस्थित रहे।

शराब पिलाकर ब्यूटी पार्लर संचालिका से दुष्कर्म, खौफनाक कदम उठाने स्टेशन पहुंची

पूर्व पति के मैसेज ने बचाई जान, दो युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विंध्याचल कॉलोनी में एक युवती के साथ जबरन शराब पिलाकर दुष्कर्म करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता घटना के बाद इस कदर आहत हुई कि वह खौफनाक कदम उठाने रेलवे स्टेशन पहुंच गई। हालांकि उसने समय रहते अपने पूर्व पति को मैसेज कर पूरी आपबीती बता दी, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सुरक्षित ढूंढ निकाला और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कमरे में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

जानकारी के अनुसार, शिवपुरी की मूल निवासी 25 वर्षीय पीड़िता वर्तमान में विंध्याचल कॉलोनी में किराये के मकान में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती है। शनिवार शाम करीब 6 बजे पीड़िता की सहेली से मिलने उसका दोस्त गोलू रघुवंशी निवासी विनेका अपने साथी विवेक रघुवंशी के साथ आया था। सहेली के बुलाने पर जब पीड़िता वहां पहुंची, तो तीनों शराब पी रहे थे। इस दौरान आरोपी विवेक रघुवंशी ने जबरन पीड़िता को भी शराब पिला दी। थोड़ी देर बाद जब सहेली और उसका दोस्त कमरे से बाहर चले गए, तब आरोपी विवेक



रघुवंशी ने मौका देखकर कमरे की कुंडी अंदर से बंद कर ली। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे धक्का देकर जमीन पर पटक दिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के चिल्लाने के बावजूद किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी।

शिकायत करने पर गाल पर मारे चांटे, दी जान से मारने की धमकी

किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर बाहर निकली पीड़िता ने जब पूरी घटना सहेली और उसके दोस्त को बताई तो मदद मिलने के बजाय उल्टा उसे धमकाया गया। जब पीड़िता ने कहा कि आरोपी विवेक का दोस्त होने के नाते वह थाने रिपोर्ट दर्ज कराने जा रही है, तो गोलू रघुवंशी ने पीड़िता के दोनों गालों पर चांटे जड़ दिए और पुलिस के पास जाने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। उसी समय मौके पर पहुंचे एक अन्य दोस्त ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

मैसेज से खुली पोल, रेलवे स्टेशन से बचाकर लाई पुलिस

घटना से बुरी तरह टूट चुकी पीड़िता सुसाइड करने की नीयत से सीधे गुना रेलवे स्टेशन पहुंच गई। हालांकि वहां पहुंचकर उसने अपने पूर्व पति को मोबाइल पर मैसेज कर पूरी घटना की जानकारी दे दी। मैसेज मिलते ही पूर्व पति ने बिना समय गंवाए कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम तुरंत पूर्व पति को साथ लेकर रेलवे स्टेशन पहुंची और तलाशी अभियान चलाकर पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षा में लेकर उसकी शिकायत पर आरोपी विवेक रघुवंशी और गोलू रघुवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1), 115(2), 351(3) और 127(2) के तहत गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

अंधेरा दूर करने खंभे पर डोरी डाल रहा था हम्माल, करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

लगातार हो रही बारिश और अंधेरे के बीच कैंट थाना क्षेत्र के पिपरौदा गांव में एक बेहद दुखद हादसा घटित हुआ। दिनभर से बंद पड़ी बिजली को चालू करने के प्रयास में 48 वर्षीय एक हम्माल गंभीर रूप से करंट की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी जीवनलीला समाप्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिपरौदा निवासी परमाल सिंह कुशवाह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार को क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी और दोपहर से ही उनके घर की बिजली गुल थी। रात गहराने पर घर में पसरे अंधेरे को दूर करने के लिए परमाल सिंह खुद ही सर्विस लाइन ठीक करने निकल पड़े। जैसे ही उन्होंने बाहर लगे बिजली के खंभे पर डोरी डालने का प्रयास किया, तभी अचानक वे तेज करंट की पकड़ में आ गए और बेसुध होकर नीचे गिर पड़े। आनन-फानन में परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। रविवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत देह परिजनों के सुपुर्द कर दी गई है।

ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर,एक की मौत, दो गंभीर घायल

इधर राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-46 पर एलएनजी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे और रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मांगीलाल बंजारा के साथ बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में जंजाली की तरफ से आ रहे एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर एमपी 33-6586 के चालक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। तीनों सडक़ पर जा गिरे। हादसे में रंगलाल बंजारा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि सुमेर और मांगीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

सागर जिले में जहरीली शराब की घटना के बाद गुना में चलाया विशेष अभियान

आबकारी विभाग ने लाहन जब्त कर किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला सागर में जहरीली शराब की घटना के बाद संभागीय उड़नदस्ता उपायुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आबकारी विभाग के कार्यपालक बल द्वारा वृत्त गुना-2 के ग्राम आटाखेड़ी एवं ग्राम सुमरदा में सघन गश्त एवं दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान कच्ची एवं अवैध शराब के विनिर्माण तथा भंडारण के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए लगभग 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं वृत्त चांचौड़ा प्रभारी श्री एल.आर. करोटिया के नेतृत्व में मृगवास एवं अन्य क्षेत्रों में दबिश की कार्रवाई की गई। इसमें 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 350 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया गया तथा आबकारी एक्ट के अंतर्गत 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिले में की गई कार्रवाई में कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 650 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 35 हजार रुपये है। गौरतलब है कि जिले में आबकारी विभाग टीम द्वारा जहरीली शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाही की जा रही है। इससे अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंपा मचा हुआ है।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 70 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण

गुना। रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के संयुक्त तत्वाधान में रोटरी सचिव शैलेश गुप्ता के पिताजी स्मृति शेष ब्रजेश कुमार गुप्ता की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में रोटरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। नेत्र शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया की नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डाक्टर दीपक सिंह एवं चिकित्सा दल द्वारा 70 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें से 30 मरीजों को मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सद्गुरु सकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया जिनको मिलेगी अब नेत्र ज्योति। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, सचिव शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, शंभूनाथ तिवारी, शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया की नेत्र शिवर में मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई।

यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़

गुना रेलवे स्टेशन पर आवारा मवेशियों और कुत्तों का कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना।

रेलवे स्टेशन गुना पर रेल प्रशासन की गंभीर अनदेखी के कारण यात्रियों की सुरक्षा पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्मों पर बेरोकटोक घूमते सांड, आवारा मवेशी, सूअर और कुत्तों की लगातार मौजूदगी से हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को हर पल अपनी जान और सामान बचाने की चिंता सताती रहती है। पूर्व में भी नागरिक प्रतिनिधियों द्वारा स्टेशन के दोनों छोरों पर सुरक्षा जाली लगाने और काउ कैटल गाडर की व्यवस्था करने की मांग उठाई जा चुकी है। उस समय रेल अधिकारियों ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया था, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। हाल ही में प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों के बीच अचानक पहुंचे एक सांड ने वहां रखे डस्टबिन को पटककर सारा कचरा फैला दिया। अगर यह सांड किसी यात्री, महिला या बच्चे पर हमला कर देता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। लापरवाही का आलम यह है कि टिकट कटवाकर यात्रा करने वाले आम यात्रियों को अब खुद लाठी-डंडे लेकर चलने जैसी स्थिति बन गई है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह अव्यवस्था और भी घातक साबित हो रही है। समय रहते वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण कर स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर स्थायी बाड़बंदी नहीं कराई, तो किसी दिन बड़ा हादसा होना तय है। यात्रियों ने जल्द से जल्द आवारा मवेशियों को स्टेशन से बाहर खदेड़ने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

दिनदहाड़े सूने मकान के ताले चटकाकर सोने के जेवर


गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस गश्त की पोल खोल दी है। बेखौफ बदमाशों ने गली नंबर 05 स्थित दो से तीन मकानों के ताले चटकाए, जिसमें से एक मकान से सोने के आभूषण, पीतल के बर्तन और नगदी पार कर ली। घटना के समय गृहस्वामी मजदूरी पर गए हुए थे। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 24 श्रीराम कॉलोनी निवासी श्रीमती मंजू अहिरवार (27) शनिवार सुबह अपने भाई के घर हड्डी मिल गई हुई थीं, जबकि उनके पति मजदूरी करने गए थे। सुबह करीब 8 बजे पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताले टूटा पड़ा है। सूचना मिलते ही जब पीड़िता घर पहुंची, तो अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। घर के अंदर भूसे में रखे गुंड और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने भूसे में छिपाकर रखा सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, पीतल के गुंड-गागरे और घर में रखे 25 हजार रुपये नगद पार कर दिए थे।

बारिश के बीच भी नहीं रुका डॉ. राजपूत का निशुल्क हेल्थ कैंप

मरीजों को मिल रहा बड़े शहरों की तर्ज पर इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के प्रिसिध्द स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश राजपूत का नवाचार जिसमें प्रत्येक रविवार को महिलाओं के लिए निशुल्क इलाज किया जाता है और BPL कार्ड वाले मरीजों को निशुल्क दवा भी दी जाती है। रविवार को बारिश के बीच कैंप जारी रहा। कैंप में लगभग 70 मरीजों ने जांच कराई और उचित उपचार मिला बारिश के बाद भी मरीजों की भीड़ रही। राजगढ़ से आने वाली पूना बाई 60 साल ने बताया पहले हमें कैंसर बताया था बच्चे दानी में परेसानी थी लेकिन अब डॉक्टर साहब के कैंप के बारे में सुना तो यहाँ दिखाया अब आराम पिछले एक महीने से आ रहे हैं अब हम स्वस्थ्य है और कैंसर जेसी कोई परेसानी नी आये जांचों मे गौरतलब है यह कैंप डॉक्टर राजपूत ने महिलाओ मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए लगभग 4 माह पहले शुरू किया था जिससे पैसे के अभाव में कोई अच्छे उपचार से वंचित ना रहे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ के लिए जो की नही दिखा पाती है या परिजनों को पैसे की बजह से दिखाना बोझ लगता है उनके लिए कैंप बहुत



बरदान साबित हो रहा है जिला हॉस्पिटल मे भी डॉक्टर राजपूत जटिल आपरेशन करते हैं जो की पहले गुना में नही होते थे भोपाल और ग्वालियर कोटा जाना पड़ता था अब मरीजों को यही लाभ मिल रहा है गुना जिले के आस पास के जिले के मरीजों को भी काफी लाभ मिल रहा है कैंप मे टीम हेल्प का योगदान रहा टीम मे शुभम जैन सीमा लोधी लता यश जैन अरविंद, नवीन कुशवाह, गोलू बुंदेला इत्यादि का योगदान रहा

डॉक्टरों की टीम ने गंभीर मरीज का ऑपरेशन कर जान बचाई

जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर की टीम ने गंभीर मरीज की छुट्टी वाले दिन आपरेशन कर जान बचाई मरीज हरि बाई उम्र 40 साल निवासी पिप्रई जिला अशोक नगर पेट दर्द और चक्कर की सिकायत के साथ जिला हॉस्पिटल मे दिन मे emergancy में भर्ती किया गया जब मरीज को डॉक्टर सतीश राजपूत ने देखा तो पाया की मरीज को रक्त की बहुत कमी और मरीज का ब्लड प्रेशर लगातार गिर रहा है जांचों में पता चला की मरीज गर्भ वती है और बच्चा नस में फंस गया था और नस पेट के अंदर फट गयी थी जिससे अंदर भारी रक्त भर रहा था इंटरनल ब्लीडिंग की वजह से मरीज का hemoglovin भी मात्र 7 रहा गया था और ब्लड प्रेशर 60/40 रहा गया था ऐसे में मरीज को बचाने के लिए emergancy मे आपरेशन करना बहुत जरूरी था और परिजनों को स्थिति से अवगत कराया तो वो घबरा गए डॉक्टर राजपूत ने तत्काल मरीज की स्थिति को देखते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर रिसिस्वर् को बताया और उनके निर्देश के अनुसार मरीज को आपरेशन मे शिफ्ट किया।

बिना शुल्क के खून दिलाया और आपरेशन सफल रहा आपरेशन

आपरेशन लगभग 2 घंटे चला और 2 यूनिट रक्त की जरूरत पड़ी दूसरी यूनिट मे जब परिजनों के पास खून देने वाला कोई नही मिल सका तो हॉस्पिटल से सिविल सर्जन ने फ्री खून दिलाया और आपरेशन सफल रहा आपरेशन की टीम मे डॉक्टर सतीश राजपूत के साथ डॉक्टर रुचि राणा एन्थेसि स्टाफ मे रघुराज दीपक ममता मिश्रा वार्ड बॉय girraj सुरेखा इत्यादि का योगदान रहा परिजनों ने हॉस्पिटल का आभार जताता की छुट्टी वाले दिन भी हॉस्पिटल के स्टाफ ने emergancy मे आपरेशन कर मरीज की जान बचाई मरीज की नासवंडी की आपरेशन पहले हो चुका था लेकिन आपरेशन फैल होने की वजह से ये स्तिथि बनी

पतंजलि परिवार के पांचों संगठनों की मासिक बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्वतंत्रता पार्क, पी.जी. कॉलेज के सामने पतंजलि परिवार के पाँचों संगठनों—भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं किसान सेवा समिति की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न संगठनों के जिला प्रभारियों की नियुक्ति, संगठन विस्तार तथा हरिद्वार में होने वाले मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण में जाने वाले अभ्यर्थियों की तैयारियों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने योग, स्वदेशी, स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया। बैठक में पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी, महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी, राज्य संवाद प्रभारी अशोक त्रिवेदी, संरक्षक हरि सिंह यादव,भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी डॉ. एम.के. विश्वास, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, , युवा भारत प्रभारी महेश पाल, किसान योग समिति प्रभारी चंद्रमोहन यादव, जिला महिला योग समिति जिला प्रभारी सीमा शर्मा, सह-जिला प्रभारी हरिओम राठौर, जिला संवाद प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री भानु सिंह तोमर कोष प्रभारी निर्भय सिंह तहसील प्रभारी धनिराम ग्वाल, राजकुमार शिवहरे एवं प्रेमचंद करोलिया सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

श्री स्वामी रामानंद विद्या संकुल में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



कुंभराज। स्वामी रामानंद विद्या संकुल रामटेकरी तपोवन में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित श्री राकेश मीना, विद्यालय समिति के सदस्य श्री प्रदीप रघुवंशी, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मितेश रावल, एवं श्री अमित तापड़िया जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बाल गोकुलम बीनागंज एवं बाल गोकुलम कुंभराज के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन, शिक्षा के प्रति समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मितेश रावल जी ने अपने उद्बोधन में शिक्षक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके चरित्र, संस्कार एवं व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। पूरे कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षकों में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा।

चांचौड़ा में 26 लाख की स्मैक जब्त

चांचौड़ा। चांचौड़ा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 257.5 ग्राम स्मैक के साथ 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत करीब 25.50 लाख रुपए बताई गई है। तस्करी में इस्तेमाल बाइक सहित पुलिस ने करीब 26 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया।पुलिस के अनुसार 5 सितंबर की रात मुखबिर की सूचना पर चांचौड़ा-मृगवास रोड स्थित चौड़ारेश्वर मंदिर तिराहे पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान बाइक से आ रहे रंजीत पुत्र रघुवीर मीना,



निवासी रानीखेजड़ा को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से स्मैक बरामद हुई।पूछताछ में रंजीत ने स्मैक मृगवास निवासी मोहन पुत्र शांतिलाल साहू से खरीदना बताया। इसके बाद पुलिस ने मोहन को भी मामले में आरोपी बनाया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


जन्माष्टमी पर दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

कुम्भराज। सांवरिया मित्र मंडल कुम्भराज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से कराया। यह आयोजन मंडी प्रांगण में रखा गया। सर्वप्रथम मटकी को 41 फिट ऊंचाई पर मशीन बांधा गया था जिसकी इनाम राशि 211000/- रूपये रखी गई थी प्रतियोगिता में भाग लेने आये युवाओं ने प्रयास किया लेकिन ऊंचाई ज़्यदा होने से मटकी नहीं फूटी जिसके बाद समिति ने इसकी ऊंचाई घाटा कर 21 फिट कर दी गई पहले की इनाम राशि 211000 को केंसल कर दिया जिसके 21 फिट ऊंचाई बाली मटकी की राशि 15000 रखी गई जिसे युवाओं ने इस 21 फिट ऊँचाई बाली मटकी को फोडा और मटकी फोड़ प्रतियोगिता जीती।

प्रवचन माला: जिन गुरुओं ने ज्ञान दिया है उसका नाम नहीं छुपाना

गुरु ने ज्ञान देकर हमें ज्ञानवान बनाया है उनका उपकार मानना चाहिए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य औजस्वी वक्ता महान तपस्वी, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राघौगढ़ नगर में विद्यासागर सभागार में विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए हमारे ज्ञान को कैसे बढ़ाएं इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा शिक्षक ने हमें कक्षा में पढ़ाया हमने शिक्षक ने जिस विषय में पढ़ाया है उस विषय को बहुत गौर से सुना मगर हमें याद नहीं रहता है। याद नहीं रहने को हम ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता में कमी कहते हैं। ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाने आपने प्रवचन में अनेक उपायों का विस्तार से उल्लेख किया। मुनिराज ने कहा जैन आचार्य अकलंक स्वामी जो ग्रंथ पढ़ते थे एक बार में पूरा याद हो जाता था। उनके ही भाई आचार्य निकलंक स्वामी एक ग्रंथ को दो बार पढ़ते थे तब याद होता था। सबके अंदर सूर्य की भांति आत्मा में अपार ज्ञान भरा है। मगर ज्ञान पर अज्ञानता का आवरण पढ़ा होने से हमारी ग्रहण करने की क्षमता कमजोर रहती है। मुनि श्रमण सागर महाराज ने ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाने के लिए 6 सूत्रों का उल्लेख किया जिसने ज्ञान दिया है उसका उपकार मानना, जिन गुरु ने ज्ञान दिया है उसका नाम नहीं छुपाना, सभी के प्रति वात्सल्य भाव रखना, सामने वाले की लकीर छोटी न कर अपनी लकीर बड़ी करने का प्रयास करना। सभी की विनय करना। किसी के निर्दोष ज्ञान में दोष न लगाना। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने कहा था आजकल बच्चे ज्ञान के उपकरणों का दुरुपयोग करते हैं इस कार्य से भी ज्ञान क्षीण होता है। आपने विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा आज से लगभग 8 सौ वर्ष पूर्व इस विश्वविद्यालय में 9 हजार विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की थी। इस विश्वविद्यालय में जिन विद्यार्थियों ने अध्ययन किया था किसी ने भी नैतिक अपराध नहीं किया। आज विद्यार्थी कक्षा में फर्नीचर तोड़ देते हैं, साथी की पुस्तक फाड़ देते हैं, स्कूल के ब्लैक बोर्ड पर अनावश्यक बातें लिख देते हैं। विद्यालय भवन में अनेक तरह के नुकसान कर देते हैं। इस गंदी प्रवृत्ति से ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता में कमी आती है। आपने जैन ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र के छठे अध्याय का उल्लेख करते हुए कहा मिट्टी के सकोरे में पहली बूंद कहां चली गई नहीं दिखती, दूसरी बूंद भी नहीं दिखती, तीसरी बूंद कुछ-कुछ दिखती है, चौथी बूंद स्पष्ट दिखने लगती है मुनि श्रमण सागर जी ने कहा जीवन में सफल होने के लिए छात्र के अंदर सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत एवं दृढ़ निश्चित होना चाहिए। मुनि श्रमण सागर जी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने दीक्षा गुरु आचार्य विद्यासागर जी महाराज को समर्पित कविता सुनाते हुए कहा दे दिया।

कुंभराज के कवि इंदौर में आयोजित हाथरसी साहित्य सेवा पुरुस्कार से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

राष्ट्रीय कलमकार मंच इंदौर द्वारा यह पुरुस्कार वरिष्ठ कवि पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन के हाथों से प्रदान किया गया, हास्य,ब्यंग, कविताओं ओर संवेदनाओं के राष्ट्रीय कलाकार मंच से 21 बे काका हाथरसी पुरस्कार समारोह और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कुंभराज के आशीष कासट को सम्मानित किया गया सभागार में 4 घंटे चले कभी सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से अभी श्रोताओं को हास्य ब्यंग पर कटाक्ष किया तो कभी जीवन की पीड़ा और संवेदनाओं को शब्द दिए देर रात तक सभागार में तालियों की गढ़ गढ़त गूंजती रही आशीष कासट् को इस पुरुस्कार से सम्मानित होने पर कुंभराज नगर में हर्ष है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल पूर्व मंत्री योगेंद्र महंत पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल रहे संचालन सत्येंन्द्र वर्मा सहित इंदौर महानगर के नागरिक उपस्थित रहे ।

शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर जताया ई-अटेंडेंस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर जहां देशभर में गुरुजनों का सम्मान किया जा रहा था, वहीं जिले में शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक अनूठा और मौन विरोध दर्ज कराया। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर जिले भर के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अध्यापन कार्य किया और शासन की नीतियों के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। शहर के प्रतिष्ठित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एमएलबी स्कूल) सहित जिले के दर्जनों प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक हाथों व बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि वे ई-अटेंडेंस की व्यावहारिक समस्याओं और टीईटी व्यवस्था का कड़ा विरोध करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने लंबे समय से लंबित पुरानी पेंशन योजना को अविलंब बहाल करने की हुंकार भी भरी।
शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों का कहना था कि सरकार द्वारा शिक्षकों पर आए दिन नई-नई तकनीकी और जटिल व्यवस्थाएं थोपी जा रही हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। ई-अटेंडेंस के नाम पर नेटवर्क और तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों का उत्पीडऩ हो रहा है। शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताने का मुख्य उद्देश्य शासन-प्रशासन का ध्यान इन गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना है, ताकि शिक्षकों को सम्मानजनक माहौल में कार्य करने का अवसर और पुरानी पेंशन का सुरक्षा चक्र मिल सके। हालांकि शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर बड़ी घोषणा की है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकला भव्य चल समारोह

पालकी में विराजे भगवान श्रीकृष्ण, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर यादव महासभा के तत्वावधान में शनिवार को नगर में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा को सुंदर ढंग से सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया। पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में यादव समाज के लोगों सहित श्रद्धालु शामिल हुए।चल समारोह का शुभारंभ श्री संकादिक आश्रम से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की पालकी के साथ श्रद्धालु भक्ति भाव से जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग में 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।शोभायात्रा श्री संकादिक आश्रम से प्रारंभ होकर इंदिरा पार्क, स्टेट बैंक चौराहा, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा होते हुए दास हनुमान



मंदिर चौराहा पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने भगवान श्रीकृष्ण का पुष्पवर्षा एवं आरती कर स्वागत किया।

राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

इधर पुराना बस स्टैंड के पास स्टेट बैंक के पीछे स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट, फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से बेहद सुंदर ढंग से सजाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मंदिर पहुंचे तथा भगवान राधा-कृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए। रात्रि में स्वर साधना म्यूजिक ग्रुप के कलाकार द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गईरात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जैसे ही घड़ी की सुई ने 12 बजाए, मंदिर परिसर में 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन कर आरती में भाग लिया।इसके बाद मंदिर में महाआरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि की कामना की। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

आरोपी पर कार्यवाही के बाद,नवरात्रि में होगी नई बालाजी प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

रामलीला मैदान स्थित बालाजी मंदिर में शनिवार को हनुमान जी की प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से प्रहार किए जाने की घटना में पुलिस ने आरोपी नीलेश पुत्र सुखचंद नरवरिया, निवासी ग्राम लिधोरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने मंदिर परिसर में मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज भी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग रामलीला मैदान में एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने करीब तीन से



चार घंटे तक चक्काजाम कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। आरोपी के मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया और प्रदर्शन समाप्त हुआ।

नवरात्रि में होगी नई बालाजी प्रतिमा की स्थापना

घटना के बाद मंदिर की प्रतिमा को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मलारगढ़ आश्रम से भुवनेश्वर दास आचार्य और राम इच्छा कुटी मुंगावली से सीताराम दास महामंडलेश्वर महाराज की बैठक में नई प्रतिमा की स्थापना को लेकर निर्णय लिया गया। तय किया गया है कि वर्तमान प्रतिमा को शीघ्र ही प्रयागराज ले जाया जाएगा। इसके बाद प्रयागराज से नई प्रतिमा लाई जाएगी और नवरात्रि के अवसर पर विधि-विधान एवं पूर्ण यज्ञ के साथ नई बालाजी प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। बताया गया कि सीताराम दास जी महामंडलेश्वर महाराज, नरोत्तम दास महाराज के शिष्य हैं और यह मंदिर नरोत्तम दास महाराज के अधीन है। नई प्रतिमा की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह है।

डोल ग्यारस की तैयारियों को लेकर पुजारी एवं सामाजिक-धार्मिक महानुभावों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर के सभी पुजारियों एवं सामाजिक-धार्मिक महानुभावों की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री हनुमान मंदिर, बड़े मंदिर, सराफा बाजार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी डोल ग्यारस पर्व की तैयारियों को लेकर सभी उपस्थितजनों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार व्यक्त किए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि डोल ग्यारस के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य चल समारोह को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। मार्ग में स्वागत द्वार, पटाखों एवं अन्य आकर्षक माध्यमों से समारोह की भव्यता बढ़ाई जाएगी। आतिशबाजी एवं अन्य कार्यक्रमों को भी व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा। सभी भगवान के विमान दोपहर



3 बजे तक गांधी पार्क पर एकत्रित होंगे तथा अन्य विमान पुराने बाजार में लगभग 2,30 बजे तक पहुंचेंगे। सभी विमान अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से ही चल समारोह में शामिल होंगे। बैठक में सभी विमान समितियों से आग्रह किया गया कि चल समारोह में तेज आवाज वाले डीजे के स्थान पर बैंड, ढोल एवं अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाए, ताकि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप समारोह गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित हो। चल समारोह पुराने बाजार से गांधी पार्क होते हुए मुख्य बाजार एवं सुभाषगंज पहुंचेगा। वहां आरती एवं पूजन के पश्चात स्टेशन रोड होते हुए गांधी पार्क से पुल के ऊपर से होकर पछाड़ी खेड़ा तालाब पहुंचेगा। यहां सभी भगवान के विमान एक साथ तालाब के घाट पर पहुंचकर जल विहार करेंगे। जल विहार के दौरान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत स्वस्तिवाचन किया जाएगा। इसके पश्चात भव्य आतिशबाजी तथा भजन मंडली द्वारा भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जल विहार के बाद सभी विमान दर्शन एवं पूजन के लिए निर्धारित चबूतरे पर रखे जाएंगे। श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं पूजन करने के बाद सभी विमान अपने-अपने मंदिरों के लिए प्रस्थान करेंगे। इस वर्ष जल विहार को और भी आकर्षक बनाने के लिए विशेष नौका विहार की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें भगवान का विहार कराया जाएगा। यह विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

चंदेरी का प्राकृतिक सौन्दर्य निखार पर

कटौती खो, और मालन खो के झरने कर रहे हैं पर्यटकों को आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले की चंदेरी नगरी अपनी ऐतिहासिकता और विश्वप्रसिद्ध साड़ियों के लिए जानी जाती है उतनी ही यह नगरी अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए भी जानी जाती है। वर्षा काल के दिनों में चंदेरी का प्राकृतिक वैभव देखते ही बनता है, पहाड़ों से नीचे गिरता हुआ पानी सुन्दर जलप्रपात और झऱने के रूप में नजर आता है।

चंदेरी नगरी के चारों ओर प्राकृतिक हरियाली है, विंध्याचंल पर्वतमालाओं से घिरी चंदेरी और घुमावदार रास्ते चंदेरी के नैसृगिक सौन्दर्य को निखार रहे हैं वर्षाकाल के दिनो में जब प्रकृति एक नए परिधान से सुसज्जित हो जाती है, तब यह झरने चंदेरी के वैभव को और भी निखारते हुए नजर आते हैं। अगर चंदेरी को नजदीक से देखना है तो आपको वर्षा काल के दिनों में चंदेरी पहुंचना पडेगा। जो भी इस



मौसम में चंदेरी जाता है वह चंदेरी की सुंदरता पर मुग्ध हो जाता है।

वर्तमान में यहां पहाड़ों से फूट रहे झरने सेलानियों के लिए आमंत्रित कर रहे हैं चंदेरी के रहवासी इन झरनों में लुप्त लेते हुए देखे जा सकते हैं। सेवानिवृत इंजीनियर मुन्नालाल अहिरवार ने बताया कि कटौती खो का झरना सिंघपुर चाल्दा होते हुए बह रहा है। यहां पहाड़ों से गिरता हुआ पानी लोगों को आनंदित करते हुए नजर आता है इसी प्रकार चंदेरी से 5 किलोमीटर दूर जंगल में 100 फिट की ऊंचाई से मालन खो का झरना फूट रहा है। हालांकि यहां जाने का रास्ता सरल नहीं है, लेकिन अगर झरनों का आनंद लेना है तो वहां जाकर ही यह आनंद मिल पाता है। ऐसे कई झरने चंदेरी में देखने मिलते हैं, जो चंदेरी की सुदंरता में चार चांद लगा रहे हैं।

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों ने शिक्षकों का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

शिक्षक दिवस के अवसर पर पिपरई नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय में शिक्षकों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेंद्र सिंह सोलंकी एवं पत्रकार रनबीर विश्वकर्मा विद्यालय पहुंचे और प्राचार्य मंगलेश शर्मा सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शैक्षणिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके महान शैक्षिक योगदान एवं व्यक्तित्व के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को वर्ष 1954 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। इस दौरान छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस के महत्व से अवगत कराया गया तथा शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना रखने का संदेश दिया गया।

रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद 8 महीने गुजर गए

सोगरिया दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज अभी तक अशोकनगर में नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सोगरिया दानापुर साप्ताहिक ट्रेन नंबर 19801,19802 जो सोगरिया से सोमवार को तथा दानापुर से मंगलवार को संचालित होती है, इस ट्रेन को अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दिए जाने का आदेश रेलवे बोर्ड द्वारा 12 मार्च 2026 को जारी कर दिया गया था। परंतु, आठ माह व्यतीत हो जाने के पश्चात भी इस ट्रेन का लाभ यात्रियों को अशोकनगर रेलवे स्टेशन से नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा इस ट्रेन को अभी तक हरी झंडी नहीं दिखाई गई है, जबकि इसी आदेश में उज्जैनी एक्सप्रेस का स्टॉपेज कोलारस स्टेशन पर किए जाने का भी आदेश हुआ था, इस आदेश का पालन भी 7 महीने गुजर जाने के पश्चात अपने पिछले दौरे पर संसद द्वारा कोलारस में हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया



गया है। परंतु, सोगरिया दानापुर ट्रेन के स्टॉपेज का शुभारंभ कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री द्वारा अभी तक अशोक नगर में नहीं किया गया, जिससे नागरिकों को इस ट्रेन का का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह बहुत ही हास्यास्पद है कि, रेलवे बोर्ड से आदेश जारी हो जाने के पश्चात मात्र हरी झंडी दिखाने के लिए 6 महीने गुजर गए और अभी तक हरी झंडी नहीं दिखाई गई, जबकि इस बीच क्षेत्रीय सांसद अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर कई बार आ जा चुके हैं। अशोकनगर के जागरूक नागरिकों के द्वारा क्षेत्रीय सांसद से यह मांग की गई है कि, अब बिना किसी विलंब के सोगरिया दानापुर साप्ताहिक ट्रेन का स्टॉपेज कार्यक्रम अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर किया जावे और जो अशोकनगर रेलवे स्टेशन से इंदौर,दिल्ली, जबलपुर, मुंबई प्रयागराज आदि नगरों के लिए नियमित ट्रेनों की मांग की गई है उसकी पूर्ति भी कराई जावे। साथ ही, गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र में अभी तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन प्रारंभ नहीं हुआ है इस ट्रेन के प्रारंभ किए जाने की मांग भी नागरिकों के द्वारा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री से की गई है। देखना यह होगा कि, क्षेत्रीय सांसद इन मांगों पर कितनी जल्दी कारगर कार्रवाई करते हैं, क्योंकि अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली,मुंबई, इंदौर, जबलपुर प्रयागराज आदि महत्वपूर्ण शहरों के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है, जिसकी मांग अशोकनगर जिले के लोग लगातार कर रहे हैं पर अभी तक इन मांगों की पूर्ति न होने से यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के महिला थाने के अंतर्गत बाहुवली कॉलोनी निवासी निशा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से राधेश्याम यादव, बंटी, जानकीबाई, नंदकुमारी यादव निवासी ग्राम मोहिया थाना बजरंगगढ़ जिला गुना ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम टोड़ा निवासी सचिन पुत्र भज्जू अहिरवार उम्र 34 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।

भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक आज

अशोकनगर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिला कार्य समिति की बैठक 7 सितंबर सोमवार को प्रातः 10 बजे से अग्रवाल पैलेस स्टेशन रोड पर आयोजित की गई है। जिसमें पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ता शामिल होंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगाही निवासी विदेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमन अहिरवार, विशाल बाल्मीक और विशाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा कॉलोनी निवासी जगदीश रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिभजन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी सुखवीर केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगराम और हल्की केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकौनी निवासी विनोद पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवनदीप, रणवीर, सुखदीप और गुरूलाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरा आवाद अथाईखेडा निवासी सुनील छीपा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ललिता बाई व बल्लू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बगैर अनुमति जुलूस रैली और धरना प्रदर्शन नहीं होंगे

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला अशोकनगर के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए 05 सितम्बर 2026 से आगामी आदेश तक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्तिगत/संस्था/राजनैतिक दल/संगठन इस आदेश के जारी होने के दिनांक से सम्पूर्ण जिला अशोकनगर की राजस्व सीमाओं में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिए बगैर किसी प्रकार के सार्वजनिक जुलूस, रैली, प्रदर्शन, आम सभा, धरना प्रदर्शन आदि नहीं होंगे। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शाति भंग करते है, प्रतिबंधित होंगे।किसी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे जन सामान्य को खतरा महसूस हो एव आपत्तिजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का संधारण प्रतिबंधित होगा। जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र, डोल, धमाको, वाद्य-यंत्रों का उपयोग बिना अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के नहीं किया जावेगा। लोक प्रशांति बनाये रखने एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आग्नेय शस्त्रों एवं अन्य घातक हथियारों के प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया जाता है।

तब हो सकेगी शहर के लोगों को पीने के लिए पानी की आपूर्ति

अमाही तालाब का जलस्तर 16 फिट पर पहुंचा वर्तमान अवधि से अभी 4 फिट पानी की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर का बच्चा बच्चा और प्रत्येक नागरिक की निगाहें अशोकनगर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब के जलस्तर पर टिकी हैं। बूंद बूंद पानी से तालाब भर रहा है, इस बार मूसलाधार वर्षा नहीं हुई है जिसके कारण सितंबर माह के पहले पखवाड़े तक अमाही तालाब में पानी का जल स्तर 16 फिट पर पहुंच पाया है, तालाब 23 फिट गहरा है, अभी तालाब को 7 फिट पानी की और जरूरत है। लेकिन पीने के पानी के लिए 4 फिट पानी अत्यंत जरूरी है ताकि शहर को पूरे वर्ष भर पानी की समस्या से न जूझना पड़े।

अशोकनगर तहसील में वर्षा की स्थिति अत्यंत कमजोर

अशोकनगर तहसील में इस बार वर्षा की स्थिति अत्यंत कमजोर है, जिसका सीधा असर अशोकनगर तहसील के सभी जलाशयों पर पड़ा है। अशोकनगर का तुलसी सरोवर भी इस बार पानी की कमी से जूझ रहा है, यह तालाब कम गहराई का होने के बाद भी तालाब के गेट बंद करने की नौवत तो दूर वहां तक पानी भी नहीं पहुंचा है।

तुलसी सरोवर में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया

तुलसी सरोवर में पानी की कमी होना इस बात का संदेश है कि अशोकनगर तहसील पानी की कमी से जूझ रही है। तुलसी सरोवर में आने वाला पानी शहर के जल स्तर को बढ़ाने में मददगार है, हालांकि जब यह तालाब 1977 में लोकार्पित हुआ था, उस समय तालाब के आसपास कोई वस्ती नहीं थी, कृषि की भूमि लगी हुई थी, जल संसाधन विभाग का यह तालाब होने के कारण इस तालाब से खेती की सिंचाई के लिए एक नहर भी निकली थी। लेकिन अब नहर खोलने की जरूरत नहीं पड़ती क्योंकि आसपास कोई



कृषि भूमि नहीं बची है। इस तालाब का पानी शहर का जलस्तर बढ़ाने के साथ धार्मिक कार्यों की पूर्ति के काम आता है।

10 हजार की आवादी के दौरान हुई थी जल प्रदाय योजना की शुरूआत

उधर दूसरी ओर अमाही तालाब जो जल संसाधन विभाग का ग्वालियर स्टेट के समय का है यह तालाब जब बना था, तब इसका मुख्य उददेश्य कृषि की सिंचाई करना था, लेकिन बाद में इस तालाब से अशोकनगर शहर को पानी प्रदाय करने की योजना बनी जो आज तक जारी है। जब योजना बनी थी तब शहर की आवादी 10 हजार थी अब शहर की आवादी सवा लाख के आसपास पहुंच गई है लेकिन आज भी पानी शहर की जनता को इसी तालाब से मिल रहा है। तब से आज तक जितनी भी नगरपरिषद आईं हैं वह हमेशा नल कनेक्शन नए देने पर प्रतिबंध भी लगाती रहीं है और कनेक्शन भी देती रही हैं। वर्तमान परिषद ने राजघाट बांध से एक नई जल प्रदाय योजना तैयार की है,जिसमें काफी काम हो भी चुका हे लेकिन अभी पानी आने की शुरूआत नहीं हुई है।

पीने के पानी के लिए 4 फिट पानी की और जरूरत-नपा अध्यक्ष

इस कारण शहर में अमाही तालाब पर शहर की जनता निर्भर है, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि 23 फिट की क्षमता वाले इस तालाब में आज दिनांक तक 16 फिट पानी आया है, जबकि शहर की जनता की प्यास बुझाने के लिए कम से कम 4 फिट पानी की ओर आवश्यकता है। हमेशा मार्च की महीने में जल संसाधन विभाग द्वारा 16 फिट पानी रह जाने के बाद सिंचाई पर प्रतिबंध लगा दिया जाता था, लेकिन सितंबर माह में 16 फिट पानी अभी है मार्च आते आते यह पानी 16 फिट से घटकर 12 फिट पर आ जाएगा। इसलिए वर्तमान समय के हिसाब से तालाब में पीने के पानी के लिए कम से कम 4 फिट पानी की और जरूरत है। इसके बाद भी इस तालाब से किसी भी प्रकार की सिंचाई नहीं हो सकेगी।

पानी कम आया तो नहर नहीं खोलने देंगे

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया का कहना है कि हमारा उददेश्य शहर की जनता को पहले पीने के लिए पानी देना है यदि पर्याप्त वर्षा नहीं हुई और पानी तालाब में नहीं पहुंचा तब तालाब से निकलने वाली नहर को हम नहीं खोलने देगें। यदि किसानों द्वारा तालाब से पानी निकाला जाता है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

अशोकनगर में अब तक 482 मिलीमीटर वर्षा

अशोकनगर तहसील में जून से लेकर 6 सितंबर तक अब तक कुल वर्षा 482 मिलीमीटर हुई है जबकि 850 मिलीमीटर औसत वर्षा की जरूरत होती है, 368 मिलीमीटर वर्षा की और जरूरत है जो पानी गिरा है वह भी रिमझिम वर्षा के रूप में आया है जिसके कारण तालाबों में पानी की कमी बनी हुई है। अशोकनगर तहसील में कुल वर्षा का प्रतिशत 56.71 है। जबकि ईसागढ में 56.49 मिलीमीटर वर्षा हुई है, चंदेरी में 79.20मिलीमीटर वर्षा हुई है और सबसे अधिक मुंगावली में 111.63 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, अब तक जिले में कुल वर्षा का प्रतिशत 75.48 है। अब तक कुल वर्षा 666 मिलीमीटर हुई है जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक 1368 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

जिला जेल में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर कथा वाचन



अशोकनगर। जिला जेल अशोकनगर में आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृंदावन धाम से पधारीं 'कथा वाचक बाल विदुषी राधिका किशोरी द्वारा बंदियों को श्रीमद् भगवद्गीता के उपदेश, नशामुक्ति तथा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं' पर भावपूर्ण कथा वाचन किया गया। बाल विदुषी राधिका किशोरी जी ने अपने प्रवचन के माध्यम से बंदियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं गीता के संदेशों से प्रेरणा लेते हुए जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने, बुराइयों एवं नशे से दूर रहने तथा अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य दृढ़ इच्छाशक्ति, अच्छे विचार और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। इस अवसर पर 'बाल विदुषी सिया किशोरी जी' द्वारा भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो गया। भजनों एवं कथा वाचन से बंदियों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने, अपने जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला जेल अशोकनगर का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक बना रहा।

रिकॉर्ड रूम के बेहतर प्रबंधन व प्रशासनिक दक्षता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुपयोगी रिकॉर्ड का विधिवत निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस विभाग में शासकीय अभिलेखों का सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार संधारण प्रशासनिक कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसी क्रम में निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके एवं विनष्टीकरण योग्य अभिलेखों का नियमबद्ध निस्तारण किया जाना आवश्यक प्रक्रिया है।

मध्यप्रदेश शासन के प्रावधानों, पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 970 के अनुरूप अशोकनगर पुलिस द्वारा इस दिशा में कार्यवाही प्रारंभ की गई है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अनुभाग अशोकनगर, चंदेरी एवं मुंगावली के एसडीओपी साहिबान की अध्यक्षता में कमेटियां गठित कर संबंधित थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में अभिलेखों का परीक्षण, अद्यतनकरण, उचित संधारण तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुराने एवं अनुपयोगी रिकॉर्ड के विनष्टीकरण हेतु निर्देशित किया गया है ।

थाना देहात में नियमानुसार अभिलेखों का निस्तारणः पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना देहात प्रभारी पूनम सेलर द्वारा थाना देहात में पुराने एवं विनष्टीकरण योग्य रिकॉर्ड का निर्धारित नियम एवं प्रक्रिया के अनुसार विधिवत निस्तारण किया गया।इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी शाढ़ौरा सुनील सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी कचनार सतेन्द्र कुशवाह एवं थाना देहात का स्टाफ उपस्थित रहा। यह कार्यवाही केवल पुराने रिकॉर्ड को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य थाना रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करना, आवश्यक अभिलेखों का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करना तथा थानों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्यकुशल वातावरण विकसित करना है ।

रिकॉर्ड प्रबंधन में आधुनिक तकनीक का समावेश

वर्तमान समय में पुलिस विभाग द्वारा रिकॉर्ड प्रबंधन को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीसीटीएनएस एवं अन्य डिजिटल रिकॉर्ड संधारण प्रणालियों के माध्यम से आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके साथ ही थाना रिकॉर्ड रूम एवं थाना परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था तथा शासकीय सामग्री के उचित रख-रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। पुराने रिकॉर्ड के नियमानुसार विनष्टीकरण से आवश्यक अभिलेखों की पहचान एवं सुरक्षित संधारण, रिकॉर्ड रूम में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग तथा अनुपयोगी एवं अनावश्यक सामग्री के व्यवस्थित निस्तारण में सहायता मिलेगी। जिले के अन्य थानों में भी निर्धारित मापदंडों एवं नियमानुसार अभिलेखों का परीक्षण कर विनष्टीकरण योग्य रिकॉर्ड का विधिवत निस्तारण किया जाएगा। इस दिशा में कार्यवाही चरणबद्ध रूप से जारी है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों के रिकॉर्ड को अद्यतन रखने तथा निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके एवं नियमानुसार विनष्टीकरण योग्य अभिलेखों के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं ।

अधिकारियों के मार्गदर्शन में निगरानी

रिकॉर्ड विनष्टीकरण एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के पर्यवेक्षण में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए संपादित की जा रही है। अशोकनगर पुलिस द्वारा रिकॉर्ड प्रबंधन, डिजिटल अभिलेखीकरण, स्वच्छ थाना परिसर एवं सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रूम की दिशा में की जा रही यह पहल प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं बेहतर पुलिसिंग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

लीनेस क्लब द्वारा गरीबों को भोजन वितरित किया गया



अशोकनगर। कहते हैं कि भूखे को भोजन खिलाना सबसे बड़ा पुण्य है, जब हम किसी गरीब, किसी जरूर मंद को भोजन कराते हैं तो हम सिर्फ उसकी भूख नहीं मिटाते हम उसे यह एहसास दिलाते हैं कि वह अकेला नहीं है। अन्नदान महादान इस बात को ध्यान रखते हुए लीनेस क्लब के सेवा सप्ताह के अंतर्गत गरीब निर्धनों को सब्जी ,पूरी फलों का वितरण किया गया। और यह संकल्प लिया कि हम भोजन को बर्बाद नहीं होने देंगे,जितना हो सके जरूरतमंदों की मदद करेंगे। क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल जी ने कहा कि उतना ही लो ताली में की व्यर्थ न जाए नाली में हमें हमारी थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए कि वह बर्बाद न हो एवं वैवाहिक एवं धार्मिक आयोजन भंडारों में इस बात का ध्यान रखा जाए कि लोग भोजन को बर्बाद न करें। भोजन वितरण में उपस्थिति रही रश्मि जयपुरी, वंदना, सीमा बत्रा विजया अग्रवाल, प्रीति बंसल, रानी जुनेजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

मुंगावली में सेवा निवृत्त कर्मचारियों का आत्मीय सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, तहसील इकाई मुंगावली द्वारा शासकीय सेवा से मुक्त हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह राजपूत, विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार चंदेल,प्रदेश कोषाध्यक्ष के व्ही. मेवाड़े, भोपाल जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, राजगढ़ डीपीसी ऋषि कुमार शर्मा, संभागीय अध्यक्ष रघुवीर शर्मा जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा, बीआरसी संजय जैन, जिला मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल सिंह यादव द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया, सरस्वती वंदना शिक्षक भूपेंद्र एवं वर्षा जैन के द्वारा की गई। उसके पश्चात तहसील इकाई एवं ब्लॉक इकाई मुंगावली के द्वारा मंचासीन अतिथियों का शॉल श्री फल एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लंबे, निष्ठावान और बेदाग सेवाकाल के लिए सम्मानित किया।



कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा यह 18वां कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष के द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से प्रांतीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई एवं अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी कर्मचारी संगठनों की विभिन्न समस्याओं को प्रदेश लेवल पर हमेशा रखने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। समारोह के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति जीवन का एक स्वाभाविक चरण है, लेकिन शासकीय कार्यप्रणाली में इन कर्मचारियों का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। संघ द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया और उनके उज्ज्वल व स्वस्थ भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए और संघ द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार तहसील के कोषाध्यक्ष मालम सिंह यादव द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों चंदेरी, ईशागढ़, अशोकनगर, बहादुरपुर, पिपरई, तहसील एवं ब्लॉक इकाइयां उपस्थिति रही। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ मुंगावली के संभागीय अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष, जिला सचिव तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष प्रांतीय एवं जिला स्तर के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष झलकन सिंह गुर्जर, सचिव संतोष पाठक गोपाल परिहार कोषाध्यक्ष संजीव गोस्वामी, आशीष राय, राजेश खरे, उपेंद्र सिंह तोमर आदि रहे मौजूद।

कुशवाह समाज ने धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव, जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का भव्य स्वागत

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नईसराय, रथ पर सवार होकर निकले लव-कुश, माता सीता और महर्षि वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नईसराय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुशवाह समाज द्वारा भगवान लव-कुश के जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं सर्व समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नई सराय के प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुआ। आकर्षक ढंग से सजे रथ पर लव-कुश, माता सीता एवं भगवान महर्षि वाल्मीकि के स्वरूप विराजमान रहे। रथ के आगे श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में धार्मिक गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

डीजे और ढोल की धुन पर झूमे श्रद्धालु- शोभायात्रा में डीजे, ढोल-नगाड़ों एवं बैंड की धुनों के बीच बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवा,





बुजुर्ग एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए शोभायात्रा के साथ आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नई सराय के मुख्य बाजार से होती हुई बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा म्याना रोड की ओर गई और म्याना मोड़ से वापस संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची, जहां विधिवत रूप से शोभायात्रा का समापन किया गया।

जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत- शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान लव-कुश, माता सीता एवं महर्षि वाल्मीकि के रथ पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए और श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गईं।

सर्व समाज को दिया पीले चावल से निमंत्रण- कुशवाह समाज द्वारा इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सर्व समाज का कार्यक्रम बनाने के लिए विशेष पहल की गई। समाजजनों ने सर्व समाज के लोगों को पीले चावल देकर लव-कुश जन्मोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस पहल से समाज में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी देखने को मिला।

फूलों से दुल्हन की तरह सजा नई सराय- लव-कुश जन्मोत्सव को लेकर पूरे नई सराय ग्राम को विशेष रूप से सजाया गया। गांव के प्रमुख मार्गों एवं आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा नगर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता के इस आयोजन ने नई सराय में उत्सव का माहौल बना दिया। कुशवाह समाज के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाजजनों एवं सर्व समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस सीजन जिले में अब तक 907.5 मिलीमीटर बारिश की गई है रिकार्ड

अपनी कुल भराव क्षमता की तुलना में 87 फीसदी भराया मोहनपुरा बांध



रिमझिम तो कभी मूसलाधार बारिश का दौर अनवरत जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सावन और भादो मास में मानसून द्वारा पकड़ी गई रफ्तार के चलते राजगढ़ जिला सालाना औसत बारिश के आंकड़े को छूने की स्थिति में पहुंच चुका है। जिले की कुल औसत 1100.7 मिमी बारिश के मुकाबले अब तक 907.5 बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। अगर इस साल अब तक हुई बारिश की तुलना पिछले साल की बारिश से करें तो इस साल का आंकड़ा फिलहाल कम ही है। गत वर्ष इसी अवधि तक जिले में 1317 मिमी बारिश रिकार्ड की जा चुकी थी। क्षेत्र का सबसे बड़ा मोहनपुरा बांध भी अपनी कुल अधिकतम क्षमता से 87.2 फीसदी भराया जा चुका है। बांध का कुल एफआरएल(फुल रिजर्वेयर लेवल) 398.0 मीटर है जिसकी तुलना में 396.90 मीटर तक बांध में पानी भरा हुआ है। लगातार हो रही बारिश के चलते रविवार को भी इस बांध के 02 गेट 0.2 मीटर ऊंचाई तक खोले रखे गए थे।

सबसे ज्यादा बारिश जीरापुर क्षेत्र में दर्ज

वर्षामापी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस सीजन में जिले में सर्वाधिक बारिश जीरापुर ब्लॉक तो सबसे कम नरसिंहगढ़ ब्लॉक में रिकार्ड हुई है। जीरापुर में अब तक जहां 1234 मिमी वर्षा हुई है वहीं नरसिंहगढ़ में महज 417.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

अन्य बांधों का जल स्तर भी अच्छी स्थिति में

मोहनपुरा बांध के साथ ही जिले की अन्य बड़ी सिंचाई परियोजनाओं में शामिल कुंवर चैनसागर बांध, कुंडालिया बांध, कुशलपुरा बांध, मूंडला बैराज का जल स्तर भी अच्छे स्तर तक पहुंच चुका है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांधों के जल स्तर में हुई बढ़ोतरी से आसपास के कई किलोमीटर क्षेत्र का भू-जल स्तर अपने आप काफी बढ़ जाएगा। इसके साथ ही जिले के कुल रकबे में भी अच्छी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

जिले में बारिश का आंकड़ा

(बारिश मिलीमीटर में)

वर्षामापी केंद्र	अब तक हुई बारिश	पिछले सीजन में हुई बारिश
जीरापुर	1234	1265
खिलचीपुर	1078	1324
राजगढ़	778	1274
ब्यावरा	835	2131
नरसिंहगढ़	417	1423
सारंगपुर	1047	874
पचोर	961	980

कभी रिमझिम तो कभी मूसलाधार बारिश

जिले में बीते 48 घंटो से कभी मूसलाधार तो कभी रिमझिम बारिश का दौर अनवरत रूप से जारी है। लगभग सभी क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश हो रही है। हालांकि, इस बारिश से कहीं किसी तरह का नुकसान होने के समाचार फिलहाल तक नहीं है। बारिश से काश्तकारों की बांछे खिली हुई हैं और अच्छी फसल आने की उम्मीद किसानों द्वारा जताई जा रही है। किसानों ने बताया कि मध्यम-मध्यम हो रही बारिश की बूंदे खेतों की मिट्टी में अंदर तक जा रही हैं जिसके चलते पीन बहकर नहीं निकल रहा है। इसका फायदा जमीन को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष हुई अच्छी बारिश के चलते जिले के रकबे में खासी बड़ोतरी दर्ज की गई थी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने मांगे दावे-आपत्ति

मोतीपुरा खाती गांव के समीप बनेगी सकती है राजगढ़ जिला जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से निर्माण की बाट जोह रही जिला जेल के निर्माण का रास्ता अब साफ होने लगा है। जेल प्रबंधन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ को पत्र लिखकर मुख्यालय समीपस्थ रिक्त पड़ी मोतीपुरा खाती गांव की शासकीय जमीन के आबंटन की मांग रखी है।

राजगढ़ एसडीएम सुशील कुमार ने इस संबंध में मोतीपुरा खाती गांव की भूमि सर्वे क्रमांक 47/1 रकबा 20.512 हेक्टेयर के संबंध में सर्वसाधारण से दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने कहा है। जारी सूचना के अनुसार यदि उक्त भूमि के आबंटन के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वो राजस्व न्यायालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

क्षमता से कहीं अधिक बंद हैं कैदी

उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन ईमारत को जिला जेल बनाया गया था। तब से अब तक इसी जर्जर ईमारत में क्षमता से कहीं अधिक कैदियों को निरुद्ध रखा जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से भी यह जेल अब निर्धारित मापदंडों को पूर्ण नहीं कर रही है। बीते सालों से इस जेल से कैदियों के भागने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। आपको बतादें कि करीब 20 साल पहले संकट मोचन कॉलोनी के समीप जेल निर्माण के लिए जगह का आबंटन किया गया था परन्तु तब अपरिहार्य कारणों से नवीन जेल नहीं बन पाई और बजट भी इस कारण से लेप्स हो गया था। अब कहीं जाकर नई जेल निर्माण की फाईलें आगे बढ़ रही हैं। अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा और जेल के लिए भूमि आबंटन हो जाता है तो शासन से बजट स्वीकृति, टैंडर सहित अन्य औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरान्त आधुनिक जेल निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा।

65 से अधिक छात्र-छात्राओं को राज्यमंत्री ने झंडी दिखाकर भोपाल रवाना किया



सारंगपुर। फूलमाली समाज भोपाल द्वारा रविवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए सारंगपुर के 65 से अधिक छात्र-छात्राओं का दल भोपाल के लिए रवाना हुआ। रविवार सुबह ब्लॉक कॉलोनी स्थित सेवा सदन कार्यालय से मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दो बसों को केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी शिक्षा और संस्कारों पर ध्यान देना प्रत्येक माता-पिता का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता के साथ-साथ नगर का नाम भी रोशन करें। यात्रा के दौरान सेवानिवृत्त सीएमओ सूरज प्रसाद वात्रे एवं श्याम वात्रे की ओर से सभी छात्र-छात्राओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर फूलमाली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, प्रदेश व्यवस्था प्रमुख मनोज पुष्पद, जिलाध्यक्ष जगदीश पुष्पद कैलाश वर्मा, पार्षद सुनील बागवान, अशोक पुष्पद, मोहनलाल पुष्पद, रवि पुष्पद, राजू पुष्पद, भागीरथ, पप्पू पुष्पद, कुमेरसिंह पुष्पद, पंकज बल्दिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जीएसटी सहित आयकर में कथित गड़बड़ी! बड़े कारोबारियों पर जांच करने की मांग

किराना कारोबार में बिल नहीं देने के आरोप



सारंगपुर। नगर में बड़े स्तर पर राशन, किराना और खाद्य सामग्री का कारोबार करने वाले कुछ बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ बड़े प्रतिष्ठानों से खरीदारी करने वाले ग्राहकों को नियमित रूप से पक्का बिल उपलब्ध नहीं कराया जाता। यदि यह शिकायतें सही हैं तो जीएसटी और आयकर नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

स्थानीय स्तर पर मांग उठ रही है कि बड़े प्रतिष्ठानों की वास्तविक बिक्री और विभागीय रिकॉर्ड का मिलान कराया जाए। बिक्री-खरीद, स्टॉक, जीएसटी रिटर्न और आयकर से संबंधित रिकॉर्ड की जांच के साथ प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे कांटे-बांट और तौल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया जाए। वहीं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और मिलावट की शिकायतों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भी आवश्यकतानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच किए जाने की मांग की जा रही है। यदि व्यापारी नियमों का पालन कर रहे हैं तो विभागीय जांच में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। वहीं जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या कर संबंधी गड़बड़ी सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। अब सवाल यह है कि संबंधित विभाग इन बड़े प्रतिष्ठानों की जांच कब करते हैं और जांच के बाद क्या स्थिति सामने आती है।

इनका कहना है...

अगर कोई व्यापारी बिल नहीं देता है तो एमपी डॉट कॉम पर शिकायत करें। विभाग समय समय पर कार्रवाई करता है। ग्राहक जागरूक बनें। फिर भी सोमवार को इंस्पेक्टर को भेजकर निरीक्षण करवाता हूं।

देवसिंह सौलंकी
असिस्टेंट कमिश्नर, जीएसटी राजगढ़

लोकगायक प्रेमसिंह दिपालपुरिया व साथी कलाकारों ने दी भक्ति गायन की प्रस्तुति

श्रीकृष्ण पर्व पर खुजनेर में गूंजा भक्ति संगीत, मालवा के खाटू श्याम मंदिर में हुए सांस्कृतिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 4 सितंबर को श्रीकृष्ण पर्व के अंतर्गत खुजनेर स्थित मालवा के खाटू श्याम मंदिर में भव्य सांस्कृतिक एवं भक्तिपरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोकगायक प्रेमसिंह दिपालपुरिया एवं साथी कलाकार, मगराना-सारंगपुर ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने श्रीकृष्ण भक्ति के साथ मालवा की लोक संस्कृति से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। भक्ति संगीत की मधुर धुनों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

प्रदेशभर में हुए श्रीकृष्ण पर्व के आयोजन

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण पर्व के तहत प्रदेश के 55 जिलों के 111 स्थानों पर सांस्कृतिक एवं भक्तिपरक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा प्रदेश के 7500 से अधिक राज्य संधारित एवं निजी श्रीकृष्ण मंदिरों में साज-सज्जा, श्रृंगार और विभिन्न भक्तिपरक आयोजनों का आयोजन किया गया।

लोक संस्कृति और भक्ति का संगम

खुजनेर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही प्रदेश की समृद्ध लोक सांस्कृतिक और भक्तिपरक परंपराओं को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण पाथेय न्यास एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा तथा जिला प्रशासन राजगढ़ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में लोकगायक प्रेमसिंह दिपालपुरिया एवं साथी कलाकारों ने भक्ति गायन की प्रस्तुति दी।

वन चौकियों पर पसरा सन्नाटा, धड़ल्ले से चीरा जा रहा जंगल का सागौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

शासन एक तरफ एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पर्यावरण बचाने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ सुठालिया में जंगलों का सीना चीरकर सागौन तस्करी का कारोबार बेखौफ जारी है। नगर में फर्नीचर दुकानों और अवैध आरा मशीनों की आड़ में वन विभाग की नाक के नीचे बेशकीमती सागौन की लकड़ी का अवैध धंधा फल-फूल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, तस्करों का यह नेटवर्क पूरी योजना के साथ काम करता है। दिन के समय सब शांत रहता है, लेकिन रात 10 बजते ही तस्कर जंगलों से काटी गई सागौन की भारी-भरकम सिल्लियां वाहनों में भरकर नगर में दाखिल होते हैं। सुबह 5 बजे से पहले इन लकड़ियों को अवैध कारखानों में



लगी मशीनों से चीरकर पट्टियों और साइज में तब्दील कर दिया जाता है। सुबह होते ही जंगल की चोरी की लकड़ी दुकानों पर 'वैध माल' बनकर बिकने के लिए तैयार हो जाती है।

सबसे बड़ा सवाल वन विभाग की कार्यशैली पर खड़ा हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन मुख्य रास्तों से सागौन की ढुलाई होती है, वहां बने वन चौकियों और नाकों पर रात के समय एक भी कर्मचारी नजर नहीं आता। न तो कोई गश्त होती है और न ही गाड़ियों की जांच। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन बिना किसी रोक-टोक के चौकियों के सामने से निकल जाते हैं। नगर के जागरूक नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की है कि वन मंडल स्तर से मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। रात के वक्त चलने वाले कारखानों और संदिग्ध ठिकानों पर आधी रात को औचक छापे मारे जाएं, ताकि जंगलों को उजाड़ने वाले तस्करों और उनसे साठगांठ रखने वाले कर्मचारियों पर वन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई हो सके।

इस संबंध में डीएफओ राजगढ़ बेनी प्रसाद दोतानिया का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। मैं सुठालिया टीम को तुरंत अलर्ट कर रहा हूं। जिन रास्तों से अवैध लकड़ी आने की सूचना है, वहां वन अमले के जवानों को तैनात किया जाएगा ताकि नगर में लकड़ी की आवक रुके और इस अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई हो सके।

नगर परिषद में शिक्षकों का किया सम्मान



जीरापुर। शिक्षक दिवस नगर परिषद में शिक्षक सम्मान समारोह में नगर के सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ शिक्षक चुन्नीलाल कुशवाह, मांगीलाल अहिरवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी,परिषद सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण बलराम टांक, ईश्वर तोमर, विष्णुसिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह, शिवचरण मंडलोई , कमल झावा रमेशचंद्र शर्मा , प्रभुलाल गुर्जर आदि परिषद सदस्यों द्वारा उपस्थित समस्त सेवानिवृत शिक्षक जनों का पुष्पहार पहनाकर एवं शाल श्रीफल व बेग भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी, ओंकारलाल मंडलोई, रमेशचंद्र मालवीय, ब्रजेश उपाध्याय , रामगोपाल दांगी, कमल भावसार, आजाद झावा, जसवंत सिंह चैहान, भगवान सिंह परिहार, प्रवीण शर्मा , राहुल दांगी, विजय राजकुराड, हेमराज दांगी, अजय दांगी, संदीप नाथ, राजेंद्रसिंह भाटी, जितेंद्र तिवारी, नीरज मालवीय, मनीष कौशिक, हेमंत शर्मा, मनोज शर्मा, सत्यनारायण तिवारी, कृष्णकांत मुंदड़ा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कमल भावसार द्वारा किया गया।

खोयरी महादेव धाम पर हुआ आयोजन

रामायण पाठियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



राजगढ़। क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव धाम पर श्रावण मास के तहत चल रहे 31 अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी रामायण पाठियों को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। श्रृंगार सेवा समिति एवं सुदरकाण्ड सेवा समिति के सदस्यों ने सभी पाठकों एवं श्रृद्धालुओं के चरण वंदन करते हुए उनसे आर्शिवाद प्राप्त किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि श्रावण मास के दौरान 31 यजमानों द्वारा 31 अखण्ड रामायण पाठ संपन्न करवाए गए थे। पूरे आयोजन में भक्त मंडली, समिति सदस्यों एवं श्रृद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। समिति ने इस वृहद धार्मिक आयोजन को संपन्न करवाने में अपना योगदान देने वाले सर्वजनों का आभार व्यक्त किया है। रविवार को खोयरी धाम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर के अनेकों भक्तों को भोजन, प्रसादी भी गृहण करवाई गई। आयोजकों ने बताया कि अगले वर्ष 51 अखंड रामायण पाठ की रूपरेखा बनाई गई है। ईश्वर की कृपा से यह आयोजन भी सफल रहेगा।

31 दिन इन्होंने भगवान को किए अर्पण

रामायण पाठ करने वाले सुधि पाठकों में गोविंद शर्मा, हरिसिंह दांगी, देवबगस गौड़, गजराज जाट, मोतीलाल कुंभकार, हुकुम सिंह राणा, शिवदत्त शर्मा, श्रीभैरूलाल, प्रबलप्रताप, रतनलाल गुर्जर, गोपाल बैरागी, होकम साहू, मुकेश गुर्जर, मुकेश कुशवाह, प्रमोद शर्मा, भानू सोनी, बबलू जाट, दिलीप साहू, मनोज गौड, संतोष राणा, तेजेंद्र उपाध्याय, राजेश गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, संदीप जाट, प्रेमसिंह गुर्जर, शिवचरण जोशी, पीसी शुक्ला, नवलकिशोर शर्मा, महेंद्र शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

सांसद व राज्यमंत्री के पत्र के बाद भी डामरीकरण की स्वीकृति का इंतजार

दो बार मनरेगा से हुआ मुरमीकरण, पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क भी नहीं सुधारी

6 किमी कीचड़ में स्कूल पहुंच रहीं छात्राएं सड़क नहीं बनी तो चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जिले में लगातार हो रही बारिश ने दोबड़ा जमींदार से आमला रोड के बीच करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग की बदहाली सामने ला दी है। सड़क पर जगह-जगह आधा फीट तक कीचड़ जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। इसी कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते से आमला रोड हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को रोजाना स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। परेशान छात्राओं ने शनिवार को वीडियो जारी कर राजगढ़ कलेक्टर और मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण की मांग की है। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे चक्काजाम कर आंदोलन करेंगी।



2008 में हुआ था मुरमीकरण 2022 में फिर डली मुरम

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2008 में रोजगार गारंटी योजना के तहत आमला रोड ग्राम पंचायत द्वारा मार्ग का मुरमीकरण कराया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में दोबड़ा जमींदार की ओर से मनरेगा योजना के तहत सड़क पर दोबारा मुरम डाली गई। इसके बावजूद मार्ग की स्थायी समस्या का समाधान नहीं हो सका। बीते वर्षों में पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को कई स्थानों पर खोदा गया। काम पूरा होने के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया और पर्याप्त मुरम भी नहीं डाली गई। इसके चलते सड़क लगातार खराब होती गई। बारिश के बाद अब स्थिति इतनी खराब हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है।

सांसद और राज्यमंत्री ने भी लिखा पत्र

आमला रोड सरपंच महेश पटेल और दोबड़ा जमींदार के सरपंच अनिल नागर ने मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए 16 अगस्त 2026 को सांसद रोडमल नागर ने लोक निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर सड़क निर्माण की मांग की थी। इसके बाद 28 अगस्त को सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भी लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, राजगढ़ को पत्र भेजकर मार्ग के निर्माण की मांग की। इसके बावजूद अभी तक सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने से ग्रामीणों और छात्राओं में नाराजगी बनी हुई है।

छात्राओं का वीडियो जारी आंदोलन की चेतावनी

बारिश के कारण सड़क की हालात दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। छात्राओं का कहना है कि रोजाना करीब 6 किलोमीटर के इस खराब मार्ग से कीचड़ में होकर स्कूल पहुंचना उनकी मजबूरी बन गया है। शनिवार को जारी वीडियो में छात्राओं ने प्रशासन और सरकार से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे चक्काजाम कर आंदोलन करने को मजबूर होंगी।